# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.07.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छात्रों के मुद्दों पर संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह की आशा कार्यकर्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए केन्द्र ने मासिक प्रोत्साहन राशि बढ़ाई।
- नशा मुक्ति जागरुकता दिवस के अवसर पर एन सी ओ आर टी समिति की बैठक में नशे के खिलाफ अभियान और जन भागीदारी पर जोर दिया गया।
- अंडमान लॉ कालेज में डी एस एन एल यू के कुलपति ने कहा ए आई के दौर में भी कानून का पालन जरूरी है।

<><><><><><><>

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में जारी विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की है। नई दिल्ली में आज उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं की भावनाओं और चिंताओं के प्रति संवेदनशील है तथा विद्यार्थियों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को सुनने और उसका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को पूरा करने और युवाओं के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। संसद में विपक्ष के हंगामे के संबंध में श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक मुद्दे पर सार्थक चर्चा के लिए अपनी तत्परता व्यक्त की हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मिलने वाले मासिक प्रोत्साहन में वृद्धि कर दी गई है। अब अंडमान–निकोबार द्वीप समूह की 432 आशा कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि 2 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से लागू मानी जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के इस निर्णय की जानकारी केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे को पत्र के माध्यम से दी। सांसद बिष्णु पद रे ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन में वृद्धि का प्रस्ताव राज्य स्वास्थ्य मिशन की गवर्निंग बॉडी की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार को भेजा गया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की ओर सेदिया जा रहा 500 रुपये प्रतिमाह का योगदान भी जारी रहेगा। प्रशासन इस योगदान राशि को बढ़ाकर 3 हजार 500 रुपये प्रतिमाह करने पर भी विचार कर रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने मैट्रिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थी अब ई–रिक्रूटमेंट पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। नई समय–सीमा के अनुसार मैट्रिक स्तर के पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 27 जुलाई कर दी गई है। वहीं उच्च माध्यमिक स्तर के पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई कर दी गई है।

<><><><><><><>

एंटी–ड्रग जागरूकता दिवस के अवसर पर दक्षिण अंडमान जिले की नारको को–ऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक जिला मजिस्ट्रेट पूर्वा गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी की चुनौतियों से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय, जागरुकता अभियान को मजबूत करने, सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने और रोकथाम एवं प्रवर्तन व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। वहीं दूसरी ओर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दक्षिण अंडमान जिला पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को नशे के खतरों के प्रति जागरुक करना और स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है। इसी क्रम में दक्षिण अंडमान पुलिस ने पीएम श्री राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आर.के. पुर, राजकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हट बे, राजकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डिग्नाबाद, श्री विजयपुरम और राजकीय उच्चतर माध्यमिक

विद्यालय, शहीद द्वीप में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में 700 से अधिक विद्यार्थियों और 55 शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को नशीली दवाओं और शराब के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और कानूनी नुकसान, एन डी पी एस अधिनियम के प्रावधानों तथा साथियों के दबाव में गलत निर्णय लेने से बचने के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को 'नशा मुक्ति शपथ' भी दिलाई गई। दक्षिण अंडमान पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे नशीली दवाओं की तस्करी या अवैध गतिविधियों से जुड़ी किसी भी जानकारी को पुलिस के साथ साझा करें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। नशीले पदार्थों से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए नागरिक मानस हेल्पलाइन 1933, पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन 112, व्हाट्सएप नंबर 9531–856–080 और फोन नंबर 03192–236641 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान विधि महाविद्यालय में बी.ए. एल एल.बी. के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ आज दामोदरम संजीवैया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, विशाखापत्तनम के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर सूर्या प्रकाश राव द्वारा किया गया। यह पाठ्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षा संस्थान के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. सूर्या प्रकाश राव ने कहा कि विधि एक प्रतिष्ठित और जिम्मेदारी वाला व्यवसाय है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने संचार और भाषा कौशल को बेहतर बनाने तथा कानून को व्यापक रूप से समझने के लिए राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे विषयों का अध्ययन करने का आग्रह किया। श्री राव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग के दौर में भी तकनीक का संचालन कानून के दायरे में रहकर होना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल एवं उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य संगोत्रा ने कहा कि कानून समाज के हर क्षेत्र को प्रभावित करता है और यदि उन्हें दोबारा अध्ययन का अवसर मिले तो वे कानून की शिक्षा चुनना पसंद करेंगे। इस अवसर पर एन.एस.सी.बी.आई.एच.एल.के कुल सचिव डॉ. जया कुमार, अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा आदि उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में बी.ए. एल एल.बी. के पाँच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरी काउंसलिंग सत्ताइस जुलाई को आयोजित की जाएगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान के अंतर्गत संचालित अंडमान लॉ कॉलेज में होने वाली यह काउंसलिंग सुबह दस बजे से आरंभ होगी। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए पात्र उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची कॉमन ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल फॉर कॉलेजेज् पर जारी कर दी गई है। यह सूची कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन, अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान के दौरान मायाबंदर के पोकाडेरा से एक आरोपी से गांजा बरामद करने के बाद गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन के सहायक उप–निरीक्षक एस. थिम्मी राज के नेतृत्व में की गई। एंटी नारकोटिक्स पुलिस ने कहा है कि द्वीप समूह को नशामुक्त बनाने के लिए नागरिकों का सहयोग बहुत आवश्यक है। मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

<><><><><><><>

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उनतीस जुलाई को श्री साईं मंदिर, बरगद लाइन, चक्करगाँव में श्री शिर्डी साईं बाबा की विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा कार्यक्रम का सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक चलेगा। श्री साईं बाबा भक्त मंडली ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त करें।

<><><><><><><>